sential manufactured articles have been reduced. Some of these items are washing soap, toilet soap (cheap varieties) including janata soap, synthetic detergents, aluminium utensils, table fans, medium size refrigerators and T. Vs. A regular dialogue with manufacturers is maintained by the concerned Ministries/Departments of Government to ensure that quality and prices of goods are kept at a reasonable level.

बुन्देल खण्ड क्षेत्र के विकास के लिए संयुक्त विकास बोर्ड

2845. **श्री नाथूराम अहिरवार :** क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या तीन वर्ष पूर्व बुन्देल खण्ड क्षेत्र के विकास हेतु उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश सरकारों के प्रतिनिधियों का एक संयुक्त विकास बोर्ड गठित किया गया था;

(ख) यदि हां, तो बोर्ड के सदस्यों के नाम तथा पदनाम क्या हैं तथा 28 फरवरी, 1976 तक इस बोर्ड की कितनी बैठकें हुई; और

(ग) उक्त क्षेत्र के प्रत्येक जिले के सम्बन्ध मे बोर्ड द्वारा किन विकास योजनाओं को योजना आयोग के अनुमोदन के लिए भेजा गया है ?

योजना मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री शंकर घोष) : (क) जी, नहीं।

(ख) और (ग). प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

बिहार में ऊर्जा का विकास

2846. **श्री रामावतार शास्त्री :** क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार सरकार ने राज्य में ऊर्जा के विकास के लिए एक योजना बनाई है ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है,

(ग) क्या राज्य ने इस उद्देश्य के लिए किसी प्रकार की केन्द्रीय सहायता की मांग की है; और

(घ) यदि हां, तो किस प्रकार की और सरकार की उस बारे मे क्या प्रतिक्रिया है ?

ऊर्जा मन्त्री (श्री कृष्ण चन्द्र पन्त) : (क) और (ख). बिजली मे संबंधित योजनाओं और विकास के मामलो मे बिहार राज्य बिजली बोर्ड और राज्य सरकार को परामर्श देने के लिए, बिहार सरकार ने एक विद्युत् परियोजना समिति बनाई थी जिसमे 24 विधायक थे।

इस समिति ने दो ज्ञापन दिये थे जिनमे से दूसरे ज्ञापन में, अन्य बातों के साथ-साथ, कुछ परियोजनाएं केन्द्रीय क्षेत्र मे हाथ मे लिये जाने, बिहार राज्य बिजली बोर्ड को अधिक धन आबंटन किये जाने और उक्त बोर्ड को दामोदर घाटी निगम से और अधिक बिजली दिये जाने का अनुरोध किया गया था।

(ग) और (घ). इस समिति के सदस्यों ने फरवरी, 1975 मे ऊर्जा मंत्री से भेंट की थी और उनके प्रस्तावों पर विचार-विमर्श हुआ था।